समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# छोटे से सफर की बड़ी उड़ान : आईटीआई छात्र से बने महाराष्ट्र के भरोसेमंद टर्नकी इंटीरियर एक्सपर्ट, जानिए विवेक वर्पे की प्रेरणादायक कहानी।

Publisher | Published on 24 Jun 2025

JAGRUTEE®
CREATIONS
Your House Specialist

## सातारा के विवेक नथुराम वर्पे ने 'जागृति क्रिएशन्स' के जरिए साबित किया कि दृढ़ निश्चय, हुनर और आत्मविश्वास से कोई भी ऊंचाई पाई जा सकती है।

**श्री विवेक वर्पे, फाउंडर एंड**
**ओनर ऑफ़ जागृति**
**क्रिएशन्स**

महाराष्ट्र के सातारा जिले से निकलकर '**जागृति क्रिएशन्स**' का नाम आज टर्नकी इंटीरियर और स्ट्रक्चरल सॉल्यूशन के क्षेत्र में एक **भरोसेमंद ब्रांड** बन चुका है। इसके पीछे हैं **विवेक नथुराम वर्पे**, जिन्होंने 10वीं के बाद आईटीआई की पढ़ाई पूरी की और 1995 में नौकरी छोड़ कर यह ठान लिया –
"**भूखा रह लूंगा, पर नौकरी नहीं करूंगा**।"

यह फैसला आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी।

**शुरुआत छोटे कामों से, बढ़ते गए अपने दम पर**
नौकरी छोड़ने के बाद उन्होंने इलेक्ट्रिकल और प्लंबिंग जैसे छोटे कामों से शुरुआत की। कुछ समय बाद एक परिचित **इंटीरियर कॉन्ट्रैक्टर श्री शिंदे** के साथ काम करने का मौका मिला। यहीं से उनके करियर ने नई दिशा पकड़ी।

प्रोजेक्ट्स मिलने लगे, लेकिन गुणवत्ता और फिनिशिंग से संतुष्ट न होने के कारण उन्होंने पेशेवर **इंटीरियर डिज़ाइनर्स** के साथ

काम करना शुरू किया। साथ ही **वॉटरप्रूफिंग का प्रशिक्षण** भी लिया, जिससे उनके प्रोजेक्ट्स और मजबूत और तकनीकी रूप से सशक्त बने।

### प्रोफेशनल टीम और आधुनिक मशीनरी का संगम

आज '**जागृति क्रिएशन्स**' के पास एक कुशल टीम है जिसमें **अकाउंटेटं, लीगल एडवाइजर, वास्तु कंसल्टेटं, वेब** और **आईटी एक्सपर्ट** शामिल हैं। उनके पास **GST पंजीकरण, ईएसआईसी, पीएफ, ब्रांड लोगो** और **कंपनी रजिस्ट्रेशन** जैसी सभी औपचारिकताएं पूरी हैं।

### महाराष्ट्र से बाहर तक फैला काम

सातारा से शुरू होकर अब यह कंपनी **मुंबई, पुणे, नासिक, औरंगाबाद सहित मध्यप्रदेश, राजस्थान तक टर्नकी प्रोजेक्ट्स** पूरे कर चुकी है। आज विवेक वर्पे की कंपनी किसी भी बड़े प्रोजेक्ट को समय से पहले और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने की क्षमता रखती है।

### उनका आत्मविश्वास बताता है :

"**हम कितने भी बड़े प्रोजेक्ट को करने के लिए तैयार है – हमारे पास तकनीकी स्टाफ, मशीनरी और अनुभव की कमी नहीं है**।"

### युवाओं के लिए प्रेरणा

**विवेक वर्पे** की कहानी एक मिसाल है उन युवाओं के लिए जो अपने सपनों को सच करने का हौसला रखते हैं। उन्होंने दिखाया कि **सीमित संसाधनों** से भी **अनलिमिटेड सफलता हासिल** की जा सकती है, बस ज़रूरत है – विश्वास, प्रयास और निरंतर सुधार की।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.